दैनिक जागरण 09/07/2024

जीएमएन कालेज में एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधारोपण

जीएमएन कालेज में एनसीसी कैडेट पौधारोपण करते हुए। • सौजन्य विज्ञप्ति

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में सोमवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त की देखरेख में एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स ने पौधारोपण किया। डा. रोहित दत्त ने कहा कि पौधे मानव के लिए हानिकारक गैसों का सेवन कर हमें सांस के लिए आवश्यक आक्सीजन का विसर्जन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वह अपने घर आंगन में एक एक पौधा अवश्य लगाएं, जिससे आए दिन बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण का संतुलन सही किया जा सके। सीटीओ डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। एनसीसी कैडेट्स द्वारा यह कार्य सहर्ष किया गया।